रेडियो का माहत्व टी वी से भी अधिक है, ये मानना है, ग्रेसी सिंग का...

ग्रेसीसिंग जिन्होंने लगान, मुन्नाभाई एम बी बी एस,अरमान जैसी कई बड़ी फ़िल्मों एवं टी वी सीरियल्स में अभिनय कर दर्शकों का दिल जीता हुआ है, आज रेडियो मधुबन भवन पधारी इस प्रसिद्ध अभिनेत्री ने आर जे श्रीनिधि के साथ हुई भेंट वार्ता में रेडियो का महत्व बताते हुए कहा कि घर में या आफिस आते जाते रेडियो सुनकर ज्ञान बढ़ाना व मनोरंजन का आनद लेना आसान होता है.
ग्रेसी सिंग ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि एक्टिग करने से उन्हें आध्यत्मिकता ज्ञान को जीवन में लाना और भी सहज हो गया है, उन्हें याद रहता है कि इस सृष्टि रंग मंच पर भी हम एक्टर हैं. आपने ब्रह्माकुमारीज़ के मुख्यालय जिसे मधुबन भी कहा जाता है पर अपने दो द्विसीय प्रवास का अनुभव बताते हुए कहा कि उन्हें स्वर्ग महसूस हुआ और ऐसे लगा कि कन्हैया यहां ही बसे हैं तथा सारे बी. के. गोप गोपियां हैं.
आपने कहा कि स्प्रीचुअल्टी में फेथ हो और केरियर मे हिम्मत है, तो विजय सहज सम्भव है.
राजस्थान के बारे में आपने कहा कि शूटिग के दौरान मैंने रजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर का आनंद लिया हुआ है, इस धरनी से मुझे जो प्यार मिला है इसके लिए मैं सबको धन्यवाद एवं शुभ भावनाएं देती हूं.